जिला कलेक्टर नमित मेहता ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

उदयपुर,(कासं)। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने बुधवार को कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में विभिन्न विभागों के अंतर्गत गठित समितियों की बैठक ली जिनमें साप्ताहिक समीक्षा, जिला सड़क सुरक्षा समिति और जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बैठक शामिल रही। इन बैठकों के दौरान जिला कलेक्टर मेहता द्वारा विभागवार कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर कई अहम निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में बुधवार को आयोजित सड़क सुरक्षा समिति बैठक में जिला कलेक्टर ने सिटी स्टेशन से कलेक्टर निवास तक निर्माणाधीन एलिवेटेड सड़क के दौरान मुख्य मार्ग को दुरुस्त रखने और क्षतिग्रस्त सड़कों की तुरंत मरम्मत करने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने ट्रैफिक मैनेजमेंट के तहत फतेहपुरा चौराहा पर हाई-रेज़ोल्यूशन कैमरा लगाने की कार्रवाई तेज करने, वॉल सिटी क्षेत्र में ग्रीन मोबिलिटी ज़ोन पर चर्चा, और शहरी क्षेत्र में विभाग अनुसार सड़कों का वर्गीकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ सड़क सुरक्षा उपाय अपनाने और ट्रैफिक प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही बलीचा से डबोक की ओर जाने वाले वाहनों से प्रतापनगर चौराहा पर होने वाले जाम को रोकने, भुवाणा से प्रतापनगर मार्ग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने, तथा फतहसागर पाल क्षेत्र में ट्रैफिक दुरुस्तीकरण के उपायों पर चर्चा की गई।

उन्होंने शहर में रात्रिकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कमेटी के माध्यम से रिपोर्ट तैयार करने, ट्रैफिक आवश्यकताओं का अध्ययन करने, चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर हादसों की रोकथाम हेतु एहतियातन उपाय अपनाने, अनावश्यक मीडियन कट बंद करने, और गलत दिशा में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मेहता ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर नियम विरुद्ध मदिरा दुकानों पर कार्रवाई और डाकन कोटड़ा टोल प्लाजा के आसपास यातायात अवरुद्ध करने वाले अवैध अतिक्रमण एक माह में हटाने के भी निर्देश दिए। बैठक में यूडीए आयुक्त राहुल जैन, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी मुनीम चंद मीना, उपाधीक्षक यातायात अशोक आंजना, जिला परिवहन अधिकारी नितिन बोहरा सहित विभिन्न विभागों के सड़क सुरक्षा समिति सदस्य मौजूद रहे।जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बैठक के दौरान कलेक्टर मेहता ने जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2025-26 में तय लक्ष्यों के विरुद्ध प्रगति की स्थिति जानी।

तिरंगा यात्रा निकाली

कपासन, (निसं)। कपासन में हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग की संयुक्त पहल पर आयोजित यह यात्रा नगर पालिका से पंचमुखी हनुमान मंदिर तक निकाली गई।

एसडीएम राजेश सुवालका और तहसीलदार एम नासिर मिर्जा बेग ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। छात्रों ने घोषवादन के साथ यात्रा की शुरुआत की।यात्रा नगर पालिका परिसर से शुरू होकर पांच बती चौराहा, लोडकिया चौक, कुम्हार मोहल्ला और बस स्टैंड होते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर पर समाप्त हुई।कार्यक्रम में पंचायत समिति विकास अधिकारी मुकेश पोरवाल, नायब तहसीलदार कमलेश कुलदीप, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

चारागाह भूमि से हटाया अतिक्रमण

भीण्डर, (निसं)। विधायक उदय लाल डांगी द्वारा गत दिनों पंचायत समिति भीण्डर में की गई जनसुनवाई में ग्रामीणों ने अतिक्रमण की शिकायत की थी जिस पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। ग्राम पंचायत कुंथवास के राजस्व गांव गाडरीयावास मे राजकीय चारागाह भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया गया था जिस पर इसकी शिकायत गांव के लोगों ने विधायक उदय लाल डांगी को जनसुनवाई में परिवाद प्रस्तुत किया था उक्त परिवाद पर तहसीलदार भीण्डर सतीश चन्द्र पाटीदार ने तुरंत कार्यवाही करते हुए कुंथवास हल्का पटवारी को आदेशीत किया।

छात्रों ने लिया नशों से दूर रहने का संकल्प

उदयपुर , (कासं)। पाहेर विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं तकनिकी संकाय में नशा मुक्त अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने नशीले पदार्थों से दूर रहने की शपथ ली और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर हेमंत कोठारी, अध्यक्ष पाहेर विश्वविद्यालय ने कहा, ''नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है। युवा पीढ़ी को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है।'' उन्होंने शिक्षण संस्थानों से आठाह किया कि वे नशामुक्ति अभियान को जनआंदोलन बनाएं।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः उविप्र/नियमन रिकॉर्ड/2025/2560 **आम सूचना** दिनांकः- 8/7/2025

निम्न आवेदन कर्ता द्वारा अपने भूखण्ड का वारीसान/वसीयत/हक त्याग/विक्रय पत्र के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है:-

क्र. सं.	भुखण्ड संख्या	क्षेत्रफल (वर्गफीट)	राजस्व ग्राम एवं खसरा संख्या	आवेदक का नाम / पिता का नाम	मृतक का नाम एवं स्वामित्व का आधार
1.	99 (MUT No. 2491)	1100	सविना खसरा नं. 956 से 970	श्री अस्वाक खान, जहीर खान पिता स्व. श्री नसीर खान निवासी:- रिसाला मोहल्ला, सराड़ा, उदयपुर	श्री नसीर खान पिता श्री याकूब खान का स्वर्गवास दिनांक 10-02-2007 को होने पर उनके वारिसानों द्वारा किए गए पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 27-08-2024 के आधार पर नामांतरण चाहा गया है।

अतः उपरोक्तानुसार उक्त भूखण्ड का वारिसान के आधार पर नामान्तरण पत्र जारी करने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति/एतराज हो तो वो अपनी आपत्ति मय आधारों सहित इस सार्वजनिक सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में संबंधित शाखा के अन्दर इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अधोहस्ताक्षर कर्ता को प्रस्तुत कर सम्बंधित शाखा प्रभारी को लिपिक को प्रस्तुत करावें। अन्यथा बाद गुजरने मयाद आवेदक के नाम पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण-पत्र उपरोक्तानुसार आवेदकों के नाम पर जारी दिया जावेगा।

डॉ. अभिनव शर्मा, तहसीलदार, उदयपुर विकास प्राधिकरण उदयपुर

जांच व वसूली की मांग

डूंगरपुर। राजस्थान शिक्षक संघ लोकतांत्रिक ने जिला कलेक्टर ज्ञापन प्रेषित कर सरकारी भवन में निवास करने के बावजूद भत्ता का आहरण करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध जांच एवं वसूली कराने की मांग की हैं। जिलाध्यक्ष हरिओम पंचाल, प्रदेशाध्यक्ष सुभाषचंद्र भट्ट, प्रदेश संगठन महामंत्री विश्राम कटारा ने बताया कि वीरेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगढ, सह प्रदेशाध्यक्ष शिक्षक संघ सियाराम तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, आसपुर, जिला डूंगरपुर दोनों वर्तमान में अनधिकृत रूप से सरकारी क्वार्टर सरकारी भवन अंबेडकर आवासीय विद्यालय आसपुर में निवासरत हैं। आवासीय विद्यालय के प्रशासन ने कमरे की अनुपलब्ध होने का निवेदन करने के बावजूद मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तथा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष होने का धौंस दिखा जबर्दस्ती रह रहे हैं।

AUCTION FOR SALE

Salvage disposable of Fire Damaged Furniture and Stock at **M/s Acharya Auto Services, Main Highway Kapasan Road, Singhpur, Distt. Chittorgarh, Rajasthan,** For Sale **"ON AS IS WHERE IS BASIS"**. Interested buyers can inspect from **14th August to 21st August** and participate in online auction along with **EMD Rs. 1,00,000/-.**

Auction will be held on 22nd August 1:00pm to 2:00pm on our website:

www.salvagewealth.in

Auctioneer Details: Mrs. Neha Mehra 81 30 17 15 75

केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मिले लक्ष्यराज सिंह मेवाड़

उदयपुर, (कासं) । मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डॉ.लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात कर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित सामाजिक विज्ञान एवं इतिहास सम्बंधी पाठ्यपुस्तकों पर चर्चा करते हुए पाठ्यक्रम से गलत नक्शे को हटाने की बात कही।

डॉ. मेवाड़ ने चर्चा में केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान से कहा कि स्वतंत्रता शब्द के जनक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप हैं जिन्होंने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए विदेशी आक्रांता मुगलों से युद्ध किया। मेवाड़ का पर्यायवाची स्वतंत्रता है। मेवाड़ 1500 सालों से भी अधिक समय से स्वाधीनता के लड़ता आ रहा है।उन्होंने कहा कि 18 अप्रैल 1948 को राजस्थान के एकीकरण में भी बतौर राजपूताना के महाराज प्रमुख महाराणा भूपाल सिंह ने बड़ी भूमिका का निर्वहन किया। मेवाड़ समूचे राजपूताना की आन-बान और शान है। फिर भी पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास से छेड़छाड़ की जा रही है।मेवाड़ ने कहा कि स्कूली बच्चों को मेवाड़ को किसी अन्य के अधीन बताना निंदनीय है। बच्चों को गलत इतिहास पढ़ाकर क्यों उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। तथ्यहीन प्रकाशनों को भविष्य की पीढ़ी के लिये खतरा बताते हुए कहा कि इतिहास भविष्य की पीढ़ी के लिए वो आइना है जिसे गलत पढ़.समझ लेने पर कोई भी बच्चा जीवनभर उसी गलती को सत्य मान बैठता है। उन्होंने कहा ऐसी गलतियों को राष्ट्र हित में तुरंत सही कराने की आवश्यकता है। इतिहास की जानकारियों और तथ्यों को विषय विशेषज्ञों के दल द्वारा ही जांचा परखा जाना चाहिए। इतिहास को ऐतिहासिक प्रमाणिकता और सही संदर्भों के साथ प्रकाशित किया जाना चाहिए क्योंकि यह भारत की आने वाली पीढ़ी के भविष्य का सवाल है। डॉ. मेवाड़ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान से पाठ्यपुस्तकों में गलत प्रकाशित विभिन्न तथ्यों और मानचित्रों पर अपनी बात रखते हुए मेवाड़ के गौरवशाली इतिहास पर आधारित पुस्तकें भी भेंट कीं।

कार्यालय ग्राम पंचायत कुण, पंचायत समिति लसाड़िया जिला सलुम्बर (राज.)

क्रमांकः-82 दिनांक-6/8/2025

-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-

ग्राम पंचायत कुण में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 19.08.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

UBN N0 1. ZUD2526GLOBO1639

प्रशासक, ग्राम पंचायत कुण, पं.स.लसाड़िया, जिला-सलुम्बर (राज.) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कुण, पं.स.लसाड़िया, जिला-सलुम्बर (राज.)

कार्यालय नगर पालिका मावली, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांकः-न.पा.मा./90-ए/2025-26/425 **-: लोक-सूचना :-** दिनांक :-13/8/25

श्री पवन गोयल पिता श्री मोहन लाल जी गोयल निवासी:- 11-12 न्यू अशोक नगर, शौभागपुरा रोड उदयपुर, तहसील:- गिर्वा, जिला-उदयपुर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय प्रयोजनार्थ) प्रयोजन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
मावली, उदयपुर	राजस्व ग्राम मावली, पटवार हल्का मावली, जिला उदयपुर (राज.)	5588/620, 5589/622, 5590/622, 5593/4215, 5594/4331, 5596/613, 5599/619, 5600/623,	रकबा 1.6621 हैक्टेयर यानि 178841.96 वर्गफीट यानि 19871.32 वर्गगज यानि 16621 वर्गमीटर
		कुल किता-08	

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले को निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 13/8/25 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, मावली

कार्यालय नगर पालिका मावली, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांकः-न.पा.मा./90-ए/2025-26/429 दिनांक :-13/8/25

-: लोक-सूचना :-

श्रीमती रेणु गोयल पत्नी श्री पवन जी गोयल निवासी:- 11-12 न्यू अशोक नगर, शौभागपुरा रोड उदयपुर, तहसील:- गिर्वा, जिला-उदयपुर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय प्रयोजनार्थ) प्रयोजन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
मावली, उदयपुर	राजस्व ग्राम मावली, पटवार हल्का मावली, जिला उदयपुर (राज.)	614,616,617,621, 4334/621, 5587/620, 5592/4215, 5597/613, 5595/4331,	रकबा 1.7948 हैक्टेयर यानि 193120.48 वर्गफीट यानि 21457.83 वर्गगज यानि 17948 वर्गमीटर
		कुल किता-09	

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले को निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 13/8/25 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, मावली

कार्यालय नगर पालिका मावली, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांकः-न.पा.मा./90-ए/2025-26/427 दिनांक :-13/8/25

-: लोक-सूचना :-

श्री मानित गोयल पिता श्री पवन जी गोयल निवासी:- 11-12 न्यू अशोक नगर, शौभागपुरा रोड उदयपुर, तहसील:- गिर्वा, जिला-उदयपुर (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय प्रयोजनार्थ) प्रयोजन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
मावली, उदयपुर	राजस्व ग्राम मावली, पटवार हल्का मावली, जिला उदयपुर (राज.)	5591/622, 5586/620, 5601/623, 5598/619,	रकबा 1.1889 हैक्टेयर यानि 127925.64 वर्गफीट यानि 14213.96 वर्गगज यानि 11889 वर्गमीटर
		कुल किता-04	

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-कऔर राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले को निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 13/8/25 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, मावली

'सफलता, असफलता जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं'

उदयपुर, (कासं)। राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संघटक फिजियोथेरेपी चिकित्सा महाविद्यालय के नव आगन्तुक विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय के सभागार में आयोजित 15 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का आगाज हुआ।

कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने कहा कि जीवन में सफलता , असफलता जीवन का अंतिम पड़ाव नहीं है, पढ़ना, सीखना जीवन की सतत् प्रक्रिया है। जीवन के अंतिम पड़ाव तक मेहनत करनी चाहिए। दैनिक समय में से 30 मिनिट महापुरूषों व अन्य सफल व्यक्तियों की जीवनी पड़ने में निकाले। लक्ष्य निर्धारित, टाईम मैनेजमेंट, स्वयं के प्रति जिम्मेदार, आत्म अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ेगे तो जीवन में कभी असफल नहीं होंगे। जीवन में सफलता का कोई शोर्ट कट नहीं होता। कनिठ परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। आज का युवा नम्बरों के पिछे भाग रहा है जीवन का उद्देश्य क्या वह भी उसे मालूम नहीं है। इसलिए जीवन में व्यवहारिक ज्ञान भी नहीं है।

इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने भावी डाक्टर विद्यार्थियों को कहा कि आपका पेशा मानवीय संवेदनाओं का पेशा है दवा से पहले आपकी एक मुस्कान से मरीज ठीक हो सकता है। उन्होंने कहा कि क्लास की पढाई से पहले विद्यार्थियों को फिजियोथेरेपी लेने का उनका क्या उद्देश्य है के बारे में बताया जायेगा।

'भक्तों की सेवा ईश्वर की सबसे बड़ी आराधना'

राजसमंद, (निसं)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि भक्तों की सेवा करना ही ईश्वर की सबसे बडी आराधना है। यह सेवा-भाव ही हमारे समाज की असली शक्ति और संस्कृति की पहचान है।

विधायक माहेश्वरी श्री बाबा रामदेव के दर्शन हेतु रामदेवरा जाने वाले श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए श्री बाबा रामदेव मित्र मण्डल किरणपुर (पसुन्द) द्वारा लगाए गए राम-रसोडा में पहुँचीं। यहां उन्होंने बाबा रामदेव के दर्शन किए और श्रद्धालु भक्तों की सेवा कीं। उन्होंने पैदल व वाहनों द्वारा यात्रा कर रहे सभी श्रद्धालुओं से सावधानीपूर्वक एवं सुरक्षित यात्रा करने का आग्रह किया, साथ ही यात्री भक्तों के लिए चल रही भोजन प्रसादी व्यवस्था में सक्रिय सहयोग भी प्रदान किया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि बाबा रामदेव जी के जीवन से हमें समानता, भाईचारे और सेवा-भाव की प्रेरणा मिलती है। श्रद्धालुओं के लिए इस प्रकार की सेवा-व्यवस्था न केवल उनके मार्ग की कठिनाइयों को कम करती हैए बल्कि उन्हें आध्यात्मिक ऊर्जा और अपनत्व का अनुभव भी कराती है।

'गुप्ता ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान में अभूतपूर्व योगदान दिया'

उदयपुर, (कासं)। सर्वऋतु विलास स्थित महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में राष्ट्र संत आचार्य पुलक सागर महाराज ससंघ का चातुर्मास भव्यता के साथ संपादित हो रहा है। टाउन हॉल नगर निगम प्रांगण में ज्ञान गंगा महोत्सव के विशेष प्रवचन के अवसर पर बुधवार प्रातः स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार के कोऑर्डिनेटर और नगर परिषद डूंगरपुर के पूर्व सभापति के के गुप्ता सम्मिलित हुए और आचार्य का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर आचार्य ने अपने आशीर्वाद में कहा कि गुप्ता ने डूंगरपुर नगर को सजाने और संवारने का कार्य किया है। डूंगरपुर में स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिला है। गुप्ता ने डूंगरपुर नगर सहित पूरे राजस्थान राज्य के लिए स्वच्छ भारत मिशन अभियान में अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है जो की

आचार्य पुलक सागर महाराज से आशीर्वाद लते के.के गुप्ता।

विकसित राजस्थान स्वच्छ राजस्थान के विजन को पूरा करता है। गुप्ता को मेरा अत्यंत आत्मीय आशीर्वाद है। आचार्य ने कहा कि वैश्य समाज के बंधु व्यापार जगत में सबसे अग्रणी माने जाते हैं अपने व्यापार के माध्यम से उदयपुर संभाग में हजारों लोगों को रोजगार तथा आजीविका उपलब्ध कराई जा रही है इसके अतिरिक्त अर्थव्यवस्था को आगे बढाने में भी एक उद्यमी का ही सबसे महत्वपूर्ण स्थान रहता है। साथ ही देश को तरक्की की ओर ले जाने के लिए मानव संसाधन के रूप में हमें निष्ठावान और समर्पित जनता की आवश्यकता रहती है तथा यदि किसी के चार संतान है तो प्रत्येक संतान को क्रमशः दुकान संचालन, सेवा कार्य, सेवा में भर्ती होकर देश की सेवा और पीडति मानवता एवं समाज की सेवा क्षेत्र में कार्य करना चाहिए।

गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रसंत आचार्य महाराज का आशीर्वाद मेरे ऊपर बहुत वर्षों से बना हुआ है और मैं वैश्य अग्रवाल समाज से आता हूं लेकिन जैन समुदाय के साधु संतों का मेरे प्रति विशेष स्नेह है तथा मुझ में भी जैन साधुओं के प्रति अत्यंत श्रद्धा है। नेक नियति से किए जाने वाले कार्यो मे ईश्वर के साथ - साथ साधु संतो का भी आर्शीवाद प्राप्त होता है और उसी का परिणाम रहा कि डूंगरपुर शहर को नीत नए सोपानो पर लाकर खडा कर दिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत कितावतो का वास पंचायत समिति झाडोल जिला उदयपुर

क्रमांकः-15/2025/ दिनांक-13.08.2025

-: ई- निविदा सूचना 2025-26:-

ग्राम पंचायत कितावतो का वास में डीएमएफटी मद से करवाये जा रहे निर्माण कार्य के उपापन की खुली ई-निविदाएं दिनांक 22.08.2025 को सायं 6:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** एवं **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

क्र.स.	विवरण	UBN No
1	कितावतो का वास	ZUD2526WSOB01654
2	कितावतो का वास	ZUD2526WSOB01655

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत कितावतो का वास

कार्यालय ग्राम पंचायत चंदा जी का गुडा, पंचायत समिति लसाड़िया जिला सलुम्बर (राज.)

क्रमांकः-26 दिनांक-11/8/2025

-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-

ग्राम पंचायत चंदा जी का गुडा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 19.08.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

UBN N0 1. ZUD2526GLOBO1611

प्रशासक, ग्राम पंचायत चंदा जी का गुडा, पं.स.लसाड़िया, जिला-सलुम्बर (राज.) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत चंदा जी का गुडा, पं.स.लसाड़िया, जिला-सलुम्बर (राज.)

कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुरियों का गुडा, पंचायत समिति लसाड़िया जिला सलुम्बर (राज.)

क्रमांकः-निविदा 2024-25-74 दिनांक-7/8/2025

-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-

ग्राम पंचायत मानपुरियों का गुडा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 19.08.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

UBN N0 1. ZUD2526GLOBO1658

प्रशासक, ग्राम पंचायत मानपुरियों का गुडा, पं.स.लसाड़िया, जिला-सलुम्बर (राज.) — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मानपुरियों का गुडा, पं.स.लसाड़िया, जिला-सलुम्बर (राज.)

स्वच्छता प्रहरी का नगर परिषद ने किया सम्मान

डूंगरपुर। स्वतंत्रता दिवस के आयोजन से पूर्व बुधवार को नगर परिषद डूंगरपुर की ओर से स्वच्छता के प्रहरी के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कनकमल कटारा और विशिष्ट अतिथि पूर्व राज्यमंत्री सुशील कटारा, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पटेल, अध्यक्ष नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ उपसभापति सुदर्शन जैन और नगर अध्यक्ष नयन सुथार थे।

कार्यक्रम से पूर्व नगर परिषद की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें सभापति अमृत कलासुआ और आयुक्त प्रकाश डूडी ने नगर परिषद प्रांगण से तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा में सभापति, उपसभापति, पार्षद, आयुक्त और नगर परिषद का समस्त स्टाफ मौजूद थे। कार्यक्रम में स्टाफ के साथ अन्य संस्था के सदस्य भी शामिल हुए। जो तीन रंगों ने आकर्षक सजावट के साथ शामिल हुए। रैली प्रांगण से गेपसागर की पाल होते हुए चौराहा, लक्ष्मण मैदान, नया बस स्टैंड होते हुए शहीद पार्क पहुंचे।

जहां पर देश के शहीदों को नमन करते हुए याद किया। रैली में देशभक्ति के गीतों ने सारा माहौल उत्साह से भर गया। रैली के समापन के बाद सारे कार्मिक विजयाराजे सिंधिया ऑडिटोरियम पहुंचे। जहां पर स्वच्छता प्रहरी का सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में महात्मा गांधी स्कूल की छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें बच्चियों के हुनर पर लोगों ने जमकर ताली बजाई। इसके बाद डूंगरपुर शहर में रात-दिन मेहनत कर स्वच्छता की अलख जगाने वाले स्वच्छता प्रहरी को सम्मान किया। इसमें स्थाई,अस्थाई और ठेका कार्मिक को स्वयं अतिथि ने सम्मान किया। उन्हें थाली, कटौरी, पानी के ग्लास और चम्मच का डीनर सेट दिया गया। इससे कार्मिकों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभापति अमृत कलासुआ ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखने का सबसे ज्यादा फायदा शहर के लोग कम बीमार होते है। पहले गंदगी से कई बीमारी शहर में फैलने का डर रहता था। साफ-सफाई के कारण कई बीमारी लोगों से दूर रहती है।

कार्यालय ग्राम पंचायत बारापाल, पंचायत समिति गिर्वा जिला- उदयपुर

क्रमांकःनिविदा/2025-26/32 दिनांक-11/8/2025

-:ई निविदा सूचना -/2025-26:-

कार्यालय ग्राम पंचायत द्वारा अटल ज्ञान केन्द्र निर्माण कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है अतः उक्त कार्य हेतु इच्छुक संवेदको/ फर्मो से ऑनलाईन ई-निविदाएं दिनांक 19.08.2025 को प्रातः 11: 00 बजे तक ऑनलाईन ई-प्रोक्योमेंट पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। UBN N0 ZUD2526WSOBO1692

प्रशासक, ग्राम पंचायत बारापाल, पं.स. गिर्वा, जिला-उदयपुर — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बारापाल, पं.स. गिर्वा, जिला-उदयपुर